

दैनिक
राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, झांसी, एटा, औरैया, अमेठी, बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, लोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 302 | लखनऊ, बुधवार, 20 मई, 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

जरूरत मन्दों को बांटा गया मास्क

डा. भरत राज सिंह,
पर्यावरणविद व महानिदेशक,
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज,
लखनऊ।

लखनऊ। कोरोना वैश्विक महामारी अभी अधिकांश देशो अपना दंश फैला रखा है। भारतवर्ष में संक्रमण की संख्या दिनोदिन बढती जा रही है जो आज 96,169 हो गयी है । यद्यपि उनके ठीक होने की संख्या में जो 36,824 है, और देशों की अपेक्षा इनका प्रतिशत अधिक है तथा मृत्यु दर भी बहुत कम है, जो मात्र आजतक 3,029 है । अभी भी मजदूरों का दूसरे प्रदेशों से पैदल चलकर अपने निवास वापस जाने का सिलसिला कदाचित थमा नही है, बल्कि अधिक बढ गया है । ऐसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री ने दो-सप्ताह के लिये लाकडाउन-4.0 पूरे देश में लागू कर दिया है। परंतु देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कुछ क्षेत्रो में, ढील दी गयी है और विशेष रूप से अन्य विंदुओ पर प्रदेश को स्वंय को परिस्थिति के अनुरूप निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है । सम्पूर्ण देशवासी संकट की ऐसी घडी में, एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ जंग लडने में कृत संकल्प है । प्रदेश की योगी सरकार कोरोना महामारी से निपटने के लिये हर सम्भव प्रयास कर रही है तथा मजदूरो को रोजगार देने के अवसर तथा जो अन्य प्रदेशो में लाकडाउन मे फसे मजदूरो को वापस लाने का सार्थक प्रयास कर रहीं हैं । इनमें तमाम समाजसेवी संस्थाये / संगठन अपने स्तर से भी बडी तल्लीनता से सेवा-भाव में जुटी हुयी है ।

गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के तत्वाधान में, मा. नगर विकास मंत्री, श्री आशुतोश टंडन (गोपाल जी) के सहयोग से प्राप्त 100-कपडे के मास्क को कोरोना संक्रमण की इस महामारी से बचने के लिये विराम खण्ड-5, के आस-पास मौजूद ग़रीब व बेसहारा लोगों को लाक-डाउन 4.0 के दौरान 19 मई 2020 को वितरण किया गया । उक्त समय विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति के पदाधिकारीगण; श्री आर. एस. मिश्रा, सचिव तथा डा. भरत राज सिंह, पर्यावरणविद व सलाहकार और प्रचार सचिव, श्री एस.बी.एल. मल्होत्रा, सहायक सचिव आदि उपस्थित रहे ।